# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 04 December 2025








Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine



# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

## Q. हाल ही में राजस्थान में महर्षि वेदव्यास प्रतिष्ठान द्वारा महर्षि वेदव्यास पुरस्कार किसे प्रदान किया गया है?

(A) रामकुमार कश्यप

(B) गुलाब कोठारी

(C) अरुण शौरी

(D) अशोक सज्जनहार

- पत्रिका समूह के प्रधान संपादक गुलाब कोठारी को पुणे (महाराष्ट्र) के महर्षि वेदव्यास प्रतिष्ठान ने महर्षि वेदव्यास पुरस्कार प्रदान किया है
- उन्हें यह पुरस्कार वैदिक क्षेत्र में शिक्षा, अध्ययन, अनुसंधान और लेखन के रूप में सुदीर्घ कार्य करने के लिए दिया
- बता दें कि यह पुरस्कार तभी दिया जाता है, जब ऐसे व्यक्ति का कार्य प्रकाश में आता है। साल 1990 से अब तक कुल 29 विशिष्टजनों को यह सम्मान दिया जा चुका है।

**Yesterday Revision**

**01. खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में राजस्थान यूनिवर्सिटी की 25m महिला पिस्टल टीम ने कौनसा पदक जीता?- रजत**

**02.  टाई ग्लोबल समिट व राजस्थान डिजिफेस्ट द्वारा जयपुर में पहली बार कॉमिक कॉन 2026 का आयोजन कब किया जाएगा?-4–6 जनवरी 2026**

**03. हाल ही में DGC लेडीज ओपन एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप 2025 किसने जीती हैं?-ओजस्विनी सारस्वत**

**04. राष्ट्रीय मारवाड़ी अश्व शो 2025 का आयोजन राजस्थान के किस स्थान पर किया जा रहा है?- रणसी गांव (जोधपुर)3–4 दिसंबर**

**05. हाल ही में 25वें समर डेफलंपिक्स 2025 (टोक्यो) में 50m राइफल प्रोन स्पर्धा में कांस्य पदक किस राजस्थान खिलाड़ी ने जीता?- कुशाग्र सिंह राजावत**

**01. कौशल प्रशिक्षण क्षेत्र की अग्रणी सुवर्ण पथ एड्यूटेक वेंचर्स प्रा. लि. ने राजस्थान में किसके साथ MOU किया गया?**

(A) राजीविका

(B) VMOU, कोटा

(C) राजसिको

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) एवं कौशल प्रशिक्षण क्षेत्र की अग्रणी सुवर्ण पथ एड्यूटेक वेंचर्स प्रा. लि. (कमला पोद्दार ग्रुप) के बीच 2 दिसम्बर को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- इसके अंतर्गत राजीविका समूहों से जुड़ी महिलाओं को उच्च गुणवत्ता का प्रशिक्षण मिल सकेगा और अधिक से अधिक सशक्त, कुशल और उद्यम के लिए तैयार ग्रामीण महिलाएं सामने आएंगी।
- सुवर्ण पथ एड्यूटेक वेंचर्स (केपीजी) द्वारा प्रशिक्षण देने के अंतर्गत एसएचजी महिलाओं को उनके द्वारा बनाए उत्पादों को बेहतर बनाने के लिए विशिष्ट उत्पाद डिजाइन, गुणवत्ता में सुधार, वर्तमान चलन के अनुरूप पैकेजिंग और नवाचार पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा

**02. भारत सरकार की वाटरशेड यात्रा कार्यक्रम के तहत राजस्थान में किस जिले ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया है?**

(A) अलवर

(B) जोधपुर

(C) फलोदी

(D) इनमें से कोई नही

GK SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

- भारत सरकार की वाटरशेड यात्रा कार्यक्रम के तहत राजस्थान में उत्कृष्ट जलग्रहण प्रबंधन का आकलन किया गया, जिसमें फलोदी जिले ने शीर्ष स्थान हासिल किया।
- जिले की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई परियोजना- घंटियाली एवं लोहावट को देशभर की बेहतर जल ग्रहण परियोजनाओं में शामिल करते हुए 20-20 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।
- वाटरशेड यात्रा अभियान 2025 ; आरंभ करने की तिथि. 4 फ़रवरी, 2025 समापन 5 अप्रैल, 2025
- वाटरशेड विकास घटक के तहत 27 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में किए गए

03. हाल ही में राजस्थान से किसने चेन्नई में आयोजित 36वें राष्ट्रीय सम्मेलन (RHINOCON) में 'ऑल इंडिया राइनोलॉजी सोसाइटी' के अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया है.?

(A) डॉ. राजेश कुमार

(B) डॉ. विजय चौधरी

(C) डॉ. मोहनीश ग्रोवर

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- राजस्थान के मेडिकल और रिसर्च सेक्टर के लिए यह एक बड़ा गौरवपूर्ण क्षण है. जयपुर स्थित एसएमएस मेडिकल कॉलेज (SMS Medical College) के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. मोहनीश ग्रोवर (Dr. Mohnish Grover) ने चेन्नई में आयोजित 36वें राष्ट्रीय सम्मेलन (RHINOCON) में 'ऑल इंडिया राइनोलॉजी सोसाइटी' के अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया है.
- डॉ. ग्रोवर इस प्रतिष्ठित पद पर पहुंचने वाले राजस्थान के पहले विशेषज्ञ और देश के सबसे युवा अध्यक्ष बने हैं.
- 1500 से अधिक सदस्यों वाली यह संस्था भारत में नाक और साइनस रोगों के उपचार और शोध को दिशा देती है.

04. खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के तहत कयाकिंग एवं कैनोइंग प्रतियोगिता में मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी के वनेश शर्मा ने कौनसा पदक जीता है?




(A) रजत पदक

(B) स्वर्ण पदक

(C) कांस्य पदक

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- विश्व प्रसिद्ध फतहसागर झील पर खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के तहत कयाकिंग एवं कैनोइंग प्रतियोगिता 2 दिसम्बर को आयोजित हुई
- कयाकिंग एवं कैनोइंग (1000 मीटर) पुरुष वर्ग के तहत कयाकिंग-1 में मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी के वनेश शर्मा को स्वर्ण पदक,
- वनेश ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में कयाकिंग-1 (पुरुष, 1000 मीटर) में स्वर्ण पदक जीता।

**05. हाल ही में राजस्थान में राजभवन का नाम बदलकर लोकभवन कर दिया गया, नाम बदलने की यह अधिसूचना कब से लागू हुई ?**

(A) 2 दिसंबर

(B) 3 दिसंबर

(C) 1 दिसंबर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान में राजभवन का नाम बदलकर लोकभवन कर दिया गया है।राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने इस बदलाव की अधिसूचना जारी की है।राजभवन का नाम बदलने की यह अधिसूचना 1 दिसंबर से लागू
- नाम बदलने का उद्देश्य औपनिवेशिक मानसिकता से लोकतांत्रिक भारतीय संस्कृति की ओर बढ़ना है।
- राजभवन का नाम बदलने के साथ ही स्टेशनरी, रिकॉर्ड और साइनबोर्ड में भी बदलाव शुरू हो गया है।
- केंद्र शासित प्रदेशों में राजभवन को राजनिवास कहा जाता है, वहाँ भी अब लोकनिवास नामकरण की तैयारी चल रही है।
- राजस्थान यह बदलाव करने वाला नौवां राज्य
- प्रधानमंत्री कार्यालय अब सेवा तीर्थ

06. मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण कार्य का शिलान्यास  कब करेंगे?

(A) 08 दिसंबर

(B) 05 दिसंबर

(C) 10 दिसंबर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 5 दिसम्बर को फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे।
- इससे गंगनहर में वर्षभर पानी की पर्याप्त आवक बनी रहेगी तथा किसान रबी, खरीफ फसलों की जरूरत के अनुसार सिंचाई कर सकेंगे।
- इन विकास कार्यों से हरिके बैराज में आने वाले अधिक पानी को फिरोजपुर फीडर में लाया जाएगा, प्रत्यक्ष लाभ गंगनहर को होगा

बजट घोषणा वर्ष 2024-25 में फिरोजपुर फीडर के पुननिर्माण के लिए 200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था।

- इस परियोजना की कुल लागत 647.62 करोड़ रुपये है। इसमें पंजाब राज्य की हिस्सेदारी 379.12 करोड़ रुपये एवं राजस्थान राज्य की 60:40 हिस्सेदारी 268.50 करोड़ रुपये है।

07. हाल ही में जारी राजस्थान के खाद्य सुरक्षा सूचकांक की रिपोर्ट के अनुसार कौनसा जिला सबसे आगे है?

(A) जोधपुर

(B) झुंझुनूं

(C) कोटा

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान में लोगों की सुरक्षित, पौष्टिक और पर्याप्त भोजन पहुंच के मामले में 15 जिलों की स्थिति मजबूत बताई गई है।
- यहां किसी भी तरह की आपदा आने के बावजूद भी पौष्टिक अनाज की उपलब्धता काफी बेहतर रहती है। राजस्थान के खाद्य सुरक्षा सूचकांक की रिपोर्ट के अनुसार इसमें झुंझुनूं जिला सबसे आगे है।
- जबकि जैसलमेर सबसे असुरक्षित श्रेणी में है। रिपोर्ट में झुंझुनू जिले को 83.64 के स्कोर के साथ राज्य में खाद्य सुरक्षा के मोर्चे पर सबसे आगे बताया गया है।
- राज्य के औसत स्कोर 61.27 को केवल 10 जिले ही पार कर पाए हैं। यह स्कोर चार तरह से तय की गई है।

**08. राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (मानद विश्वविद्यालय), जयपुर के ऑडिटोरियम मे वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव तरंग 2025 का शुभारंभ कब हुआ?**

(A) 2 दिसम्बर

(B) 3 दिसम्बर

(C) 1 दिसम्बर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (मानद विश्वविद्यालय), जयपुर के ऑडिटोरियम मे 2 दिसम्बर को वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव तरंग 2025 का शुभारंभ हुआ। 5 दिसम्बर तक चलने वाला यह चार दिवसीय आयोजन भावी डॉक्टरों की प्रतिभा, सृजनशीलता और देश की सांस्कृतिक विविधता का अनोखा संगम बन गया है।
- कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया
- तरंग जैसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ भारतीय कला, संगीत और संस्कृति से गहराई से जोड़ते हैं।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

09. अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन (IMO) की काउंसिल में भारत को किस कैटेगरी में फिर से चुना गया है?

(A) कैटेगरी-A

(B) कैटेगरी-B

(C) कैटेगरी-C

(D) कैटेगरी-D

GK SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

- भारत को अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन (IMO) की काउंसिल में 'कैटेगरी-B' में फिर से चुना गया है। इस कैटेगरी में वे 10 देश शामिल हैं जिनकी अंतर्राष्ट्रीय समुद्री व्यापार में सबसे अधिक रुचि है।
- यह चुनाव लंदन में 34वीं आईएमओ असेंबली में 28 नवंबर को हुआ, जहाँ भारत को इस कैटेगरी में सबसे ज्यादा 169 वैध मतों में से 154 वोट मिले।

10. विश्व कौशल एशिया प्रतियोगिता (WSAC) 2025 में भारत ने कौन सी रैंक हासिल की?

(A) 6वीं

(B) 7वीं

(C) 8वीं

(D) 9वीं

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- भारत ने विश्व कौशल एशिया प्रतियोगिता (WSAC) 2025 में पहली बार भाग लेते हुए वैश्विक कौशल मंच पर बड़ी उपलब्धि हासिल की और 29 प्रतिभागी देशों के बीच 8वीं रैंक हासिल की।
- यह पहली भागीदारी थी, जिसमें भारत ने इस क्षेत्र के अग्रणी स्किल इकोसिस्टम के मुकाबले उच्च-मांग वाले और उभरते ट्रेंडों में असाधारण अनुशासन, नवाचार और वैश्विक मानक प्रदर्शित किए।

**Today, Quiz:**

**Q. खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में राजस्थान यूनिवर्सिटी की 25m महिला पिस्टल टीम ने कौनसा पदक जीता?**

(A) स्वर्ण

(B) रजत

(C) कांस्य

(D) कोई नहीं

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷

💠क्या मिलेगा? 👇👇👇👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

🔲 अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine